जांच शुरू | नगर पालिका परिषद सिहोरा के सीएमओ की अनुमति पर खड़े हो रहे सवाल

खितौला में सागौन की पेड़ों का सरेराह कत्लेआम

वन विभाग ने शुरू की जांच, दोषी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। सिहोरा वन परिक्षेत्र के खितौला स्थित नरसिंह मंदिर की धर्मशाला की खाली जमीन पर लगे सागौन के हरे-भरे पेड़ों को दिलेरी से काटा जा रहा था। सागौन के पेड़ों को अनुमति के साथ काटे जाने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और फिर कुछ ही देर में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों की कटाई को जांच पूरी होने तक रूकवा दिया।

नगर पालिका परिषद् सिहोरा के सीएमओ की अनुमति भारत पटैल नामक व्यक्ति को किस आधार पर दी गई और ये सागौन के पेड़ों को काटकर क्या करने वाला था. ये सवाल अब भी बरकरार है। हालांकि वन विभाग ने इसमें हस्तक्षेप करते हुए जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि सिहोरा और उसके आसपास के इलाके में लकड़ी माफियाओं का गिरोह पिछले लंबे समय से काम कर रहा है जो कि अंधेरे में बिना अनुमति के कीमती सागौन की लकड़ी को जंगल से काटते हैं और फिर उन्हें बेचते आए हैं। ये सौदा मझगवां, उमरिया और मझौली क्षेत्र में भी लकड़ी की अवैध कटाई कई बार रात के अंधेरे में की जाती है।

28 मई को जारी हुआ था अनुमति का आदेश

डीएफओ ऋषि मिश्रा ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि भारत पटैल निवासी जुनवानी द्वारा सागौन की लकड़ी की कटाई की जा रही थी जिसे फिलहाल अभी रूकवा दिया गया है। सागौन की लकड़ी काटे जाने की सूचना पर जब मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची तो संबंधित व्यक्ति ने नगर पालिका परिषद् सिहोरा के सीएमओ द्वारा विगत 28 मई 2025 को लकड़ी काटने की दी गई अनुमति का आदेश दिखा दिया। डीएफओ के अनुसार खितौला स्थित नरसिंह मंदिर की धर्मशाला की खाली जमीन पर अधिकार क्षेत्र रेवन्यू विभाग का है, लेकिन सागौन की तस्करी व शासकीय जमीन पर सागौन की लकड़ी अवैध रूप से काटा जाना पाया गया तो निश्चित ही संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।डीएफओ ऋषि मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्य जुटाकर जांच कराई जा रही है कि सागौन की लकड़ी को काटने की अनुमति किस आधार पर पालिका परिषद् सिहोरा द्वारा दी गई है। परीक्षण के बाद कुछ गड़बड़ी आती है तो संबंधित के खिलाफ गाज गिरना तय माना जा रहा है।

एक्सीडेंट में घायल महिला और युवक की मौत

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत चूल्हा गोलाई के पास हुए एक्सीडेंट में घायल महिला की मौत हो गई। वहीं माढ़ोताल थाना अंतर्गत पाटन रोड में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। बरगी पुलिस ने बताया कि विजय कुमार श्रीवास 45 वर्ष निवासी नारायण चौक कछियाना मोहल्ला घमापुर ने सूचना दी कि 9 नवंबर को उसकी पत्नी अंजना श्रीवास 38 वर्ष चूल्हा गोलाई के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल जबलपुर में भर्ती कराया, पत्नी की तबियत ज्यादा खराब होने से मेडिकल कॉलेज लेकर गये डाक्टर ने चैक कर उसकी पत्नी अंजना श्रीवास को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि रविवार को गौरव आचार्य 37 वर्ष निवासी मकान नम्बर 393 हनुमानताल ने सूचना दी बीती रात लगभग 11-40 बजे पाटन रोड में सड़क दुर्घटना में घायल होने से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान मौत हो गई।

खून से सनी मिली महिला की लाश

हत्या के बाद बलात्कार की आशंका, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत नरंगवा में एक महिला की खून से सनी लाश पड़ी मिली। हत्या के बाद बलात्कार की आशंका जाहिर की गई। पुलिस पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक जानकारी के मुताबिक पुलिस को नरंगवा गांव में रविवार दोपहर 12 बजे एक महिला की लाश पड़ी मिली। जब ग्रामीणों ने लाश देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पनागर पुलिस, एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच गई। मृतिका की उम्र लगभग 45 वर्ष की होगी। महिला की रक्त रंजित लाश मिलने के बाद रही महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की गई है। महिला के सिर में गंभीर चोट के निशान है। मृतिका कौन है और कहां की रहने वाली है इसका पता नहीं चल सका है पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। साथ ही हर एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि शव को पीएम के लिए भिजवा दिया गया है। पीएम व अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

शीतलहर: कोहरा की चादर पारा 7 डिग्री तक लुढ़का

जबलपुर। रविवार को पारा 7 डिग्री तक लुढ़का गया। सुबह कोहरे की चादर के साथ हुई। शहर तीव्र शीतलहर की चपेट में आने से सुबह से अलाव जल उठे। ठंडी हवाएं ठुठरन बढ़ा रही थी।मौसम विभाग के मुताबिक श्रीलंका तट के पास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में बना निम्न दबाव का क्षेत्र रविवार को भारतीय समयानुसार सुबह 08:30 बजे भी उसी क्षेत्र में बना रहा। इससे जुड़ा ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

ऐसा रहा तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 7 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 71 और शाम को 60 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्वी हवाएं 3 से 4 किमी की रफ्तार से चली।

करोड़ों रूपये का राजस्व किया अर्जित

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन मेंपश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर तक यानि सात माह में माल यातायात से 3214 करोड़ 35 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2961 करोड़ 34 लाख रूपये की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। अकेले अक्टूबर माह की बात करे तो 425 करोड़ 31 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जबलपुर मण्डल ने 2278 करोड़ 02 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2012 करोड़ 49 लाख रूपये की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

दो पक्षों में टकराव, दो घायल

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत सिंगलदीप में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में टकराव हो गया। जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि प्रशांत पटेल 30 वर्ष निवासी सिंगलदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी का काम करता है। खेत से काम करके घर वापस आ रहा था जैसे ही घर के पास पहुँचा तभी सुनील पटेल पुराई रंजिश को लेकर उसके साथ विवाद करने लगा, उसी समय आवाज सुनकर सुनील पटेल के दोनों लड़के सत्यम पटेल एवं शिवम पटेल आ गये एवं तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे वह जमीन पर गिर गया तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मारपीट से उसे हाथ एवं शरीर में चोटें आईं। वहीं सत्यम पटेल 29 वर्ष निवासी सिंगलदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने घर पर था तभी पुरानी रंजिश को लेकर संतोष पटेल एवं संतोष पटेल के दोनों लड़के प्रशांत पटेल, निशांत पटेल उसके घर के सामने आकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे जिससे वह जमीन पर गिर गया उसे दाहिने के अंगूठे में चोट आई, मारपीट करने के बाद तीनों जाल से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57